www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

# UGC NET Paper 2 September 08, 2013 Shift 1 Law Question Paper

# PAPER-II
# LAW

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ____________________________
   (Name) ____________________________
2. (Signature) ____________________________
   (Name) ____________________________

OMR Sheet No. : ..............................................
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

Roll No.________________________________
(In words)

**S 5 8 1 3**

Time : 1 $^{1}/_{4}$ hours]  [Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **16**  Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal / polythene bag on the booklet. Do not accept a booklet without sticker-seal / without polythene bag and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** (A) (B) ● (D)
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are however, allowed to carry duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए पुस्तिका पर लगी कागज की सील / पोलिथीन बैग को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील / बिना पोलिथीन बैग की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण :** (A) (B) ● (D) जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई अंक काटे नहीं जाएँगे ।**

www.prepp.in

prepp
Your Personal Exams Guide

# LAW
## Paper – II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are compulsory.

1. The word 'Secular' was added in the Preamble to the Constitution of India by
   (A) First Amendment Act
   (B) Seventh Amendment Act
   (C) Forty-Second Amendment Act
   (D) Forty-Fourth Amendment Act

2. Article 15(1) prohibits discrimination against any citizen on the grounds of
   (A) Religion, race and caste only.
   (B) Religion, caste and sex only.
   (C) Religion, caste, sex and place of birth only.
   (D) Religion, race, caste, sex, place of birth or any of them.

3. Match List-I with List-II and select the correct answer using the codes given below :

| | List – I | | List - II |
|---|---|---|---|
| I. | Deletion of fundamental right to freedom to acquire, hold and dispose of property. | (a) | Constitution (Forty-Second Amendment) Act. |
| II. | Insertion of the word 'integrity' to the Preamble of the Constitution. | (b) | Constitution (Forty-Fourth Amendment) Act. |
| III. | Inclusion of right to education as fundamental right under Article 21A | (c) | Constitution (Eighty-sixth Amendment) Act. |
| IV. | Insertion of Clause(5) in Article 15. | (d) | Constitution (Ninety-Third Amendment) Act. |

**Codes :**

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (b) | (a) | (c) | (d) |
| (B) | (a) | (b) | (c) | (d) |
| (C) | (b) | (a) | (d) | (c) |
| (D) | (c) | (b) | (a) | (d) |

4. Which provision of the Constitution imposes a duty on the Union to ensure that the Government of every State is carrying on in accordance with the provisions of the Constitution ?
   (A) Article 352 (B) Article 355
   (C) Article 356 (D) Article 360

5. 'Right to life' under Article 21 of the Constitution does not include 'right to die'. This observation was made by the Supreme Court in
   (A) P. Rathinam V. Union of India
   (B) Gian Kaur V. State of Punjab
   (C) Both (A) and (B) above.
   (D) None of the above.

6. A Judge of the Supreme Court can be removed from his office on the ground(s) of
   (A) Proved misbehaviour or incapacity.
   (B) Violation of the Constitution.
   (C) Both (A) and (B) above.
   (D) None of the above.

7. Parliament has power to legislate with respect to a matter in the State List, provided it is in the
   (A) Public interest
   (B) National interest
   (C) Both (A) and (B) above
   (D) None of the above

8. **Assertion (A) :** Ownership is not only a juridical concept, but also a social concept and an instrument of social policy.
   **Reason (R) :** The right of alienation is not a necessary incident of ownership.
   **Codes :**
   (A) Both (A) and (R) are true and (R) is correct explanation of (A).
   (B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).
   (C) (A) is true, but (R) is false.
   (D) (A) is false, but (R) is true.

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

# विधि

## प्रश्नपत्र – II

**निर्देश :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

**1.** ‘सेक्यूलर’ (धर्मनिरपेक्ष) शब्द को भारत के संविधान की उद्देशिका (प्रीएंबल) में किसके द्वारा जोड़ा गया ?

(A) प्रथम संशोधन अधिनियम
(B) सप्तम संशोधन अधिनियम
(C) बयालिसवाँ संशोधन अधिनियम
(D) चौवालिसवाँ संशोधन अधिनियम

**2.** अनुच्छेद 15(1) निम्नलिखित आधारों पर नागरिकों के प्रति भेदभाव को प्रतिबंधित करता है :

(A) केवल धर्म, प्रजाति तथा जाति
(B) केवल धर्म, जाति तथा लिंग
(C) केवल धर्म, जाति, लिंग तथा जन्म स्थान
(D) धर्म, प्रजाति, जाति, लिंग, जन्म स्थान या इनमें से किसी एक

**3.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कोड से सही उत्तर चुनिए :

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| I. सम्पत्ति के अधिग्रहण, धारण तथा व्ययन की स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार को हटाना । | (a) संविधान (बयालिसवाँ संशोधन) अधिनियम |
| II. संविधान की उद्देशिका में ‘अखंडता’ शब्द को अंत:स्थापित करना । | (b) संविधान (चौवालिसवाँ संशोधन) अधिनियम |
| III. अनुच्छेद 21A के अंतर्गत शिक्षा के अधिकार को मौलिक अधिकार के रूप में शामिल करना । | (c) संविधान (छियासीवाँ संशोधन) अधिनियम |
| IV. अनुच्छेद 15 में खण्ड (5) अंत:स्थापित करना । | (d) संविधान (तिरानवेवाँ संशोधन) अधिनियम |

**कोड :**

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (b) | (a) | (c) | (d) |
| (B) | (a) | (b) | (c) | (d) |
| (C) | (b) | (a) | (d) | (c) |
| (D) | (c) | (b) | (a) | (d) |

**4.** संविधान का कौन सा प्रावधान संघ पर यह दायित्व निरूपित करता है कि वह यह सुनिश्चित करे कि प्रत्येक राज्य की सरकार संविधान के प्रावधानों के अनुरूप संचालित हो रही है ?

(A) अनुच्छेद 352 (B) अनुच्छेद 355
(C) अनुच्छेद 356 (D) अनुच्छेद 360

**5.** संविधान के अनुच्छेद 21 के अंतर्गत प्रदत्त ‘जीने का अधिकार’ में ‘मरने का अधिकार’ सम्मिलित नहीं है । यह अभिमत उच्चतम न्यायालय ने किस मामले में दिया था ?

(A) पी. रथिनम बनाम भारत संघ
(B) ज्ञान कौर बनाम पंजाब राज्य
(C) उपर्युक्त (A) तथा (B) दोनों
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**6.** उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश को उसके पद से निम्नलिखित आधार पर हटाया जा सकता है :

(A) सिद्ध दुर्व्यवहार अथवा अक्षमता
(B) संविधान का उल्लंघन
(C) उपर्युक्त (A) तथा (B) दोनों
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**7.** राज्य सूची में शामिल किसी विषय पर संसद को कानून बनाने की शक्ति तब है जब वह

(A) लोक हित में हो
(B) राष्ट्रीय हित में हो
(C) उपर्युक्त (A) तथा (B) दोनों
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**8.** **अभिकथन (A) :** स्वामित्व केवल एक विधिक संकल्पना ही नहीं बल्कि एक सामाजिक संकल्पना तथा सामाजिक नीति का साधन भी है ।

**कारण (R) :** स्वामित्व-परिवर्तन का अधिकार स्वामित्व की एक आवश्यक घटना नहीं है ।

**कोड :**

(A) (A) तथा (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है ।
(B) (A) तथा (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।
(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।
(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

Prepp
Your Personal Exams Guide

**9.** Match List-I with List-II and select the correct answer using the codes given below :

| List – I (Theory) | List – II (Subject) |
|---|---|
| (a) Retributive Theory | I. Legal Right |
| (b) Sociological Theory | II. Source of Law |
| (c) Theory of Precedent | III. Punishment |
| (d) Theory of Property | IV. Roscoe Pond |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | I | IV | III | II |
| (B) | III | IV | II | I |
| (C) | III | II | I | IV |
| (D) | IV | III | I | II |

**10.** Hypothesis of Grund norm was propounded by

(A) Austin (B) Diguit
(C) Hart (D) Kelson

**11.** Immanuel Kant is the exponent of

(A) Retributive theory of punishment.
(B) Reformative theory of punishment.
(C) Detterent theory of punishment.
(D) Preventive theory of punishment.

**12.** Who used the word 'Sociology' for the first time ?

(A) Auguste Comte
(B) Herbert Spencer
(C) Diguit
(D) None of the above

**13.** Which one of the following statements is true ?

(A) Animus is necessary for the acquisition or commencement of possession.
(B) Corpus is necessary for the acquisition or commencement of possession.
(C) Animus and Corpus are not necessary from the acquisition or commencement of possession.
(D) Animus and Corpus are necessary for the acquisition or commencement of possession.

**14.** Which of the following statements is true ?

1. An imperfect right may become perfect under certain circumstances.
2. Imperfect right can become a valid defence.
3. Law recognises an imperfect right but not to enforce it.
4. Imperfect right can be reduced as a valid defence.

(A) only 1, 2, 3 (B) only 1, 4
(C) only 2, 3, 4 (D) only 1, 4, 3

**15.** **Assertion (A) :** The United Nations cannot perform peace keeping or peace making operations.

**Reason (R) :** United Nations has no army, navy or air force of its own.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is true, but (R) is false.
(D) (A) is false, but (R) is true.

9. सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कोड की सहायता से सही उत्तर चुनिए :

| सूची – I (सिद्धांत) | सूची – II (विषय) |
|---|---|
| (a) दण्डात्मक सिद्धांत | I. कानूनी अधिकार |
| (b) समाजशास्त्रीय सिद्धांत | II. विधि का स्रोत |
| (c) पूर्वोदाहरण का सिद्धांत | III. दण्ड |
| (d) सम्पत्ति का सिद्धांत | IV. रोस्को पौण्ड |

**कोड :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | I | IV | III | II |
| (B) | III | IV | II | I |
| (C) | III | II | I | IV |
| (D) | IV | III | I | II |

10. ग्रंड नार्म (मूल सन्नियम) की प्राक्कल्पना का प्रतिपादन किसने किया ?
(A) ऑस्टिन
(B) डिग्यूट
(C) हार्ट
(D) केल्सन

11. इंमैनुएल कांट प्रतिपादक है
(A) प्रतिकारात्मक दण्ड सिद्धान्त
(B) सुधारात्मक दण्ड सिद्धान्त
(C) निवारक दण्ड सिद्धान्त
(D) निरोधक दण्ड सिद्धान्त

12. 'सोशियोलॉजी' शब्द का सर्वप्रथम उपयोग किसने किया ?
(A) आगस्ट कॉम्ट
(B) हरबर्ट स्पेंसर
(C) डिग्यूट
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

13. निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है ?
(A) कब्जे का अधिकार प्राप्त करने या कब्जे का प्रारम्भ करने के लिए इच्छा का होना आवश्यक है ।
(B) कब्जे का अधिकार प्राप्त करने अथवा कब्जे का प्रारम्भ करने के लिए समग्र सम्पत्ति का होना आवश्यक है ।
(C) कब्जे का अधिकार प्राप्ति अथवा कब्जे के प्रारम्भ के लिए इच्छा और समग्र सम्पत्ति का होना आवश्यक नही है ।
(D) कब्जे का अधिकार प्राप्ति अथवा कब्जे के प्रारम्भ के लिए इच्छा और समग्र सम्पत्ति दोनों का होना आवश्यक है ।

14. निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है ?
1. एक अपूर्ण अधिकार कुछ स्थितियों के अधीन पूर्ण अधिकार बन सकता है ।
2. अपूर्ण अधिकार वैध सुरक्षा बन सकता है ।
3. कानून अपूर्ण अधिकार को मान्यता देता है, परन्तु इसे लागू नहीं करता ।
4. अपूर्ण अधिकार को वैध सुरक्षा में अवनत किया जा सकता है ।

(A) केवल 1, 2, 3
(B) केवल 1, 4
(C) केवल 2, 3, 4
(D) केवल 1, 4, 3

15. **अभिकथन (A) :** संयुक्त राष्ट्र शांति बनाए रखने या शांति निर्माण के अभियान का संचालन नहीं कर सकता ।
**कारण (R) :** संयुक्त राष्ट्र की अपनी थल सेना, जल सेना या वायु सेना नहीं है ।

**कोड :**
(A) (A) तथा (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है ।
(B) (A) तथा (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।
(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।
(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

Prepp
Your Personal Exams Guide

**16.** "The permanent members of Security Council have special privilege in the voting procedure of the Security Council in as much as the decisions of Security Council on non-procedural matters shall be made by an affirmative vote of nine members including the concurring votes of the permanent members."

Above statement is attributed to _____ of the Charter of the United Nations.

(A) Article 27, Para 3
(B) Article 27, Para 2
(C) Article 26
(D) Article 28

**17.** Match List-I with List-II and select the correct answer using the codes given below :

| | **List – I** | | **List – II** |
|---|---|---|---|
| (i) | Custom begins where usage ends. | (a) | P.C. Corbett |
| (ii) | The Statute of International Court of Justice, Article 38, Para 1 is about. | (b) | J.G. Starke, Introduction to International Law, P.40 |
| (iii) | 'Custom' should be replaced by word 'evidence'. | (c) | Treaty and Custom as sources of International Law. |
| (iv) | Law making treaties. | (d) | Brierly, Law of Nations, P. 58 |

**Codes :**

| | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (b) | (c) | (a) | (d) |
| (B) | (c) | (b) | (a) | (d) |
| (C) | (c) | (b) | (d) | (a) |
| (D) | (a) | (b) | (d) | (c) |

**18.** **Assertion (A) :** Arbitration is the process of resolving disputes between States by means of an arbitral tribunal appointed by the parties.

**Reason (R) :** Disputes are arbitrary.

**Codes :**

(A) (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(B) (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is true, but (R) is false.
(D) (A) is false, but (R) is true.

**19.** Match List-I with List-II and select the correct answer using the codes given below :

| | **List – I** | | **List – II** |
|---|---|---|---|
| (a) | To maintain international peace and security | (i) | Article 1 of the UN Charter |
| (b) | Principles of UN | (ii) | Article 2 of the UN Charter |
| (c) | Admission of new members to UN | (iii) | Article 12 of the UN Charter |
| (d) | Limits on powers of General Assembly in respect of any dispute. | (iv) | Article 4 of the UN Charter |

**Codes :**

| | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (a) | (b) | (c) | (d) |
| (B) | (b) | (c) | (d) | (a) |
| (C) | (a) | (b) | (d) | (c) |
| (D) | (c) | (d) | (b) | (a) |

**20.** Stimson's doctrine of Non-Recognition is related to

(A) Duty of non-recognition of some territorial acquisitions brought about in accordance with international law.
(B) Duty of non-recognition of some territorial acquisitions brought about in breach of international law.
(C) Duty of non-recognition of all territorial acquisitions brought about in breach of international law.
(D) Duty of non-recognition of all territorial acquisitions brought about according to international law.

Prepp
Your Personal Exams Guide

**16.** "सुरक्षा परिषद् के स्थायी सदस्यों को सुरक्षा परिषद् की मतदान प्रक्रिया में इतना अधिक विशेषाधिकार प्राप्त है कि गैर-कार्यविधिक मामलों पर सुरक्षा परिषद् द्वारा निर्णय लिए जाने के लिए नौ सदस्यों के सकारात्मक वोट, जिनमें स्थायी सदस्यों के सहमतिपूर्ण वोट शामिल हैं, का होना आवश्यक है ।"

उपर्युक्त कथन संयुक्त राष्ट्र के चार्टर के _____ में आया है ।

(A) अनुच्छेद 27, परिच्छेद 3

(B) अनुच्छेद 27, परिच्छेद 2

(C) अनुच्छेद 26

(D) अनुच्छेद 28

**17.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कोड से सही उत्तर चुनिए :

| | **सूची – I** | | **सूची – II** |
|---|---|---|---|
| (i) | प्रथा आरंभ होती है जहाँ चलन समाप्त होता है । | (a) | पी.सी. कॉर्बेट |
| (ii) | स्टैट्यू ऑफ इंटरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस का अनुच्छेद 38, परिच्छेद 1 जिसके विषय में है । | (b) | जे.जी. स्टार्क, इंट्रोडक्शन टू इंटरनेशनल लॉ, पृ. 40 |
| (iii) | 'कस्टम' शब्द को 'एविडेंस' शब्द से बदलना चाहिए । | (c) | अंतर्राष्ट्रीय विधि के स्रोत के रूप में सन्धि तथा प्रथा |
| (iv) | कानून बनाने वाली संधियाँ । | (d) | ब्रियरली, ला ऑफ नेशन्स पृ. 58 |

**कोड :**

| | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (b) | (c) | (a) | (d) |
| (B) | (c) | (b) | (a) | (d) |
| (C) | (c) | (b) | (d) | (a) |
| (D) | (a) | (b) | (d) | (c) |

**18.** **अभिकथन (A) :** माध्यस्थम् एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें पक्षकारों द्वारा नियुक्त एक माध्यस्थम् अधिकरण द्वारा राज्यों के बीच विवादों का निपटारा किया जाता है ।

**कारण (R) :** विवाद मनमानीपूर्ण होते हैं ।

**कोड** :

(A) (A) तथा (R) सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) तथा (R) सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

**19.** सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कोड से सही उत्तर चुनिए :

| | **सूची – I** | | **सूची – II** |
|---|---|---|---|
| (a) | अंतर्राष्ट्रीय शांति तथा सुरक्षा बनाये रखना | (i) | यू एन चार्टर का अनुच्छेद 1 |
| (b) | यू एन के सिद्धांत | (ii) | यू एन चार्टर का अनुच्छेद 2 |
| (c) | यू एन में नवीन सदस्यों का प्रवेश | (iii) | यू एन चार्टर का अनुच्छेद 12 |
| (d) | किसी विवाद के संबंध में साधारण सभा की शक्तियों पर प्रतिबन्ध | (iv) | यू एन चार्टर का अनुच्छेद 4 |

**कोड :**

| | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (a) | (b) | (c) | (d) |
| (B) | (b) | (c) | (d) | (a) |
| (C) | (a) | (b) | (d) | (c) |
| (D) | (c) | (d) | (b) | (a) |

**20.** स्टिमसन द्वारा प्रतिपादित अमान्यीकरण के सिद्धांत का संबंध किससे हैं ?

(A) अंतर्राष्ट्रीय विधि का अनुपालन करते हुए कुछ राज्यक्षेत्रीय अर्जन के अमान्यीकरण का कर्तव्य

(B) अंतर्राष्ट्रीय विधि का उल्लंघन करते हुए कुछ राज्यक्षेत्रीय अर्जन के अमान्यीकरण का कर्तव्य

(C) अंतर्राष्ट्रीय विधि का उल्लंघन करते हुए समस्त राज्यक्षेत्रीय अर्जन के अमान्यीकरण का कर्तव्य

(D) अंतर्राष्ट्रीय विधि का अनुपालन करते हुए समस्त राज्यक्षेत्रीय अर्जन के अमान्यीकरण का कर्तव्य

21. Prohibited degree and Spinda relationship are
(A) Mutually exclusive
(B) Dependent on each other
(C) May overlap each other
(D) None of the above

22. In which of the following case, the High Court held that "the presence of Qazi" is not necessary at the time of marriage ceremony under the Muslim Law ?
(A) Qazi Mohd. Najmuddin Hussain V. State of A.P.
(B) Mohd. Yunus V. Malooki
(C) Shamim Ara V. State of U.P.
(D) Bai Tahira Vs. Ali Hussain

23. **Assertion (A) :** Marriage under the Hindu Marriage Act, 1955 is dissoluble.
**Reason (R) :** Marriage is a sacrosanct union.
**Codes :**
(A) Both (A) and (R) are true.
(B) Both (A) and (R) are false.
(C) (A) is true, but (R) is false.
(D) (A) is false, but (R) is true.

24. Which of the following is not condition for a marriage under Section 5 of the Hindu Marriage Act, 1955 ?
(A) Neither should have a living spouse.
(B) If the bride is below 18, the consent of her guardian has been obtained.
(C) They are not within prohibited degrees relationship.
(D) Neither should be subject to recurrent attack of insanity.

25. Sources of Muslim Law are
(a) The Koran (b) The Ismaa
(c) The Hadis (d) The Kiyas
Indicate their correct sequence.
(A) (a), (b), (d) and (c)
(B) (a), (c), (b) and (d)
(C) (a), (d), (c) and (b)
(D) None of the above

26. According to Muslim Law, marriage is not solemnised of only for the sexual enjoyment between two spouses, it is an act of Ibadat.
(A) True
(B) False
(C) Partly true, partly false
(D) None of the above

27. X invites his friend Y on dinner but later on declined to arrange it on specified day.
(A) X is liable for breach of contract.
(B) X is liable, if Y goes to the house of X and returns without dinner.
(C) X is liable for breach of contract, if Y gets dinner in hotel.
(D) X is not liable for breach of contract.

28. Match List-I with List-II and select the correct answer using the codes given below the lists.

| List – I | List – II |
|---|---|
| (a) Breach of contract | 1. Impossible to perform |
| (b) Revocation of offer | 2. Same thing in the same sense |
| (c) Consent | 3. Compensation |
| (d) Frustration | 4. Lapse of stipulated time |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (B) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (C) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (D) | 3 | 4 | 2 | 1 |

29. Which one of the following provisions of the Indian Contract Act deals with the reciprocal promise to do things legal and also other things illegal ?
(A) Section 56 (B) Section 57
(C) Section 58 (D) Section 17

**21.** प्रतिषद्ध डिग्री और सपिण्ड सम्बन्ध हैं
(A) परस्पर व्यावर्तक
(B) एक दूसरे पर आश्रित
(C) एक दूसरे पर अतिव्यापन
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**22.** निम्नलिखित में से किस मामले में उच्च न्यायालय ने यह निर्णय दिया था कि "विवाह के समय पर काज़ी की उपस्थिति" मुस्लिम कानून के अधीन आवश्यक नहीं है ?
(A) काज़ी मोहम्मद नजमुद्दीन हुसैन बनाम आंध्र प्रदेश राज्य
(B) मोहम्मद यूनुस बनाम मलूकी
(C) शमीम आरा बनाम उत्तर प्रदेश राज्य
(D) बाई ताहिरा बनाम अली हुसैन

**23.** **अभिकथन (A) :** हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 के अधीन हुए विवाह में सहयोजन समाप्त करने योग्य है ।
**तर्क (R) :** विवाह एक अतिपवित्र गठबंधन है ।
**कूट :**
(A) (A) और (R) दोनों सही हैं ।
(B) (A) और (R) दोनों गलत हैं ।
(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।
(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

**24.** हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा 5 के अधीन निम्नलिखित में से कौन सी विवाह की शर्त नहीं है ?
(A) दोनों में से किसी एक का भी विवाहिती जीवित नहीं होना चाहिए ।
(B) यदि दुल्हन 18 वर्ष से कम है, उसके अभिभावक की सहमति प्राप्त कर ली गई है ।
(C) वे प्रतिषद्ध डिग्री के सम्बन्ध में नहीं हैं ।
(D) दोनों में से किसी को भी पागलपन के आवर्ती दौरे न पड़ते हों ।

**25.** मुस्लिम कानून के स्रोत हैं
(a) कुरान
(b) इस्मा
(c) हदीस
(d) कियास
इनके सही क्रम का चयन कीजिए :
(A) (a), (b), (d) और (c)
(B) (a), (c), (b) और (d)
(C) (a), (d), (c) और (b)
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**26.** मुस्लिम कानून के अनुसार, विवाह केवल दम्पत्ति द्वारा लैंगिक आनन्द प्राप्ति के लिए नहीं है, यह एक इबादत का कार्य है ।
(A) सही
(B) गलत
(C) आंशिक रूप से सही, आंशिक रूप से गलत
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**27.** X अपने मित्र Y को भोज पर आमन्त्रित करता है परन्तु वह निर्धारित दिन पर उस भोज का प्रबन्ध करने से मना कर देता है ।
(A) X संविदा भंग के लिये जिम्मेदार है ।
(B) यदि Y, X के घर जाता है तथा भोजन किये बिना वहाँ से लौटता है, तो X जिम्मेदार होगा ।
(C) यदि Y होटल में खाना खाता है, तो X संविदा भंग के लिये जिम्मेदार होगा ।
(D) X संविदा भंग के लिये जिम्मेदार नहीं है ।

**28.** सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिये तथा प्रदत्त कूट से सही उत्तर का चयन कीजिये :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| (a) संविदा भंग | 1. पालन असंभव होना |
| (b) प्रस्ताव का प्रतिसंहरण | 2. वही चीज उसी आशय से |
| (c) सहमति | 3. क्षतिपूर्ति |
| (d) नैराश्य | 4. निर्धारित समय व्यतीत होना |

**कोड :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (B) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (C) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (D) | 3 | 4 | 2 | 1 |

**29.** भारतीय संविदा अधिनियम का निम्नलिखित में से कौन सा प्रावधान विधिक चीज करने तथा कुछ अन्य अवैध चीजों को भी करने की पारस्परिक प्रतिज्ञा से सम्बंध रखता है ?
(A) धारा 56
(B) धारा 57
(C) धारा 58
(D) धारा 17

Prepp
Your Personal Exams Guide

**30.** Section 26 of the Indian Contract Act declares the agreement void on the ground of
(A) Absolute restraint only
(B) Partial restraint only
(C) Both absolute or partial restraint
(D) None of the above

**31.** No customer in a thousand ever read the conditions. If he had stopped to do, he would have missed the train or the boat. This observation was made by
(A) Anson (B) Donaldson
(C) Lord Denning (D) Pearson

**32.** When consent is given due to mistake, an agreement will be
(A) Voidable (B) Legal
(C) Illegal (D) Void

**33.** A person is responsible in law of tort for
(A) all the consequences of his act.
(B) all the consequences which are not remote.
(C) all the consequences which directly flow from his act.
(D) all the consequences which are reasonably foreseeable.

**34.** There is a school by the side of the road. Three children of nursery class stray away from the school on to the road. A truck driver, who was driving the truck at a normal speed, notices the children. While trying to save the children, the truck hits a shop and an injury is caused to one person. Which of the following assertions correctly represent the law ?
(A) The school management is liable as they are negligent in not keeping the children within the school premises.
(B) The truck driver is liable as he did not take proper care.
(C) The children are liable as they contributed to the accident.
(D) None is liable as it is a pure accident.

**35.** Match List-I with List-II. Use the code below to select the right answer.

| | **List – I** | | **List – II** |
|---|---|---|---|
| a. | Donoghue V. Stevenson | 1. | Remoteness of damages |
| b. | In re Polemis | 2. | Absolute liability |
| c. | M.C. Mehta V. Union of India | 3. | Neighbour principle |
| d. | Lloyd V. Grace Smith & Co. | 4. | Vicarious liability |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (B) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (C) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (D) | 3 | 1 | 2 | 4 |

**36.** When an injury is caused by the act of an enterprise engaged in a hazardous or inherently dangerous activity, the enterprise is absolutely liable for the injury because
1. it has not taken reasonable care.
2. the enterprise owes an absolute and non-delegable duty to the community to ensure that no harm results from the activity.
3. it is considered as a part of the social cost for carrying on the hazardous or inherently dangerous activity.
4. it is difficult to prove lack of care on the part of enterprise.

Select the right code :
(A) 1 and 2 are correct.
(B) 1 and 4 are correct.
(C) 1 and 3 are correct.
(D) 2 and 3 are correct.

**30.** भारतीय संविदा अधिनियम की धारा 26 करार को शून्य घोषित करती है

(A) केवल पूर्ण अवरोध के आधार पर

(B) केवल आंशिक अवरोध के आधार पर

(C) पूर्ण तथा आंशिक दोनों आधार पर

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**31.** "हजारों में से कोई भी उपभोक्ता शर्तों को नहीं पढ़ता है । यदि वह ऐसा करने के लिये रूक जाये, तो उसकी गाड़ी अथवा नाव छूट जाएगी ।" यह कथन किसने किया था ?

(A) एन्सन (B) डोनाल्डसन

(C) लार्ड डैनिंग (D) पियरसन

**32.** जब किसी करार में सहमति भूल से दी गई हो, तो वह करार होगा

(A) शून्यकरणीय (B) वैध

(C) अवैध (D) शून्य

**33.** दुष्कृति विधि के अन्तर्गत एक व्यक्ति जिम्मेदार होता है

(A) उसके कार्य के सभी नतीजों के लिए

(B) उन सभी नतीजों के लिए जो परोक्ष न हो

(C) उसके कार्य से प्रत्यक्ष उत्पन्न सभी नतीजों के लिए

(D) विवेकपूर्वक अनुमान्य समस्त नतीजों के लिए

**34.** सड़क के किनारे एक विद्यालय है । नर्सरी कक्षा के तीन छात्र सड़क पर भटकते फिर रहे थे । एक ट्रक ड्राइवर, जो ट्रक सामान्य गति से चला रहा था, का ध्यान उनकी ओर जाता है । बच्चों को बचाने में ट्रक एक दुकान को टक्कर मार देता है और एक आदमी जख्मी हो जाता है । निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प कानून का प्रतिनिधित्व करता है ?

(A) विद्यालय प्रबंधन जिम्मेदार है क्योंकि वे अपने बच्चों को विद्यालय प्रांगण में परिसीमित नहीं रख कर लापरवाही की ।

(B) ट्रक ड्राइवर जिम्मेदार है क्योंकि उसने समुचित सावधानी नहीं बरती ।

(C) बच्चे जिम्मेदार हैं क्योंकि दुर्घटना उनकी वजह से घटी ।

(D) कोई जिम्मेदार नहीं है क्योंकि यह शुद्ध दुर्घटना है ।

**35.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कोड की सहायता से सही उत्तर चुनिए :

| | **सूची – I** | | **सूची – II** |
|---|---|---|---|
| a. | डोनोग बनाम स्टीवेंसन | 1. | क्षति की दूरस्थता |
| b. | इन रे पोलेमिस | 2. | पूर्ण दायित्व |
| c. | एम सी मेहता बनाम भारत संघ | 3. | पड़ोसी सिद्धांत |
| d. | लॉयड बनाम ग्रेस स्मिथ ऐण्ड कम्पनी | 4. | प्रतिनिधिक दायित्व |

**कोड :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (B) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (C) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (D) | 3 | 1 | 2 | 4 |

**36.** जब किसी जोखिम भरे या खतरनाक प्रकृति वाले क्रियाकलाप में संलग्न किसी व्यावसायिक प्रतिष्ठान के किसी कार्य से किसी को कोई चोट पहुँचती है, तो उसके लिए वह प्रतिष्ठान पूर्णत: जिम्मेदार होता है क्योंकि :

1. उसने उचित सावधानी नहीं बरती ।
2. प्रतिष्ठान का समुदाय के प्रति यह सुनिश्चित करने का पूर्ण तथा अप्रायोजनीय कर्तव्य है कि उसके कार्य से समुदाय को कोई हानि न पहुँचे ।
3. जोखिम भरे या खतरनाक प्रकृति वाले कार्य के संचालन को समाज के प्रति कीमत माना जाता है ।
4. यह साबित करना कठिन है कि प्रतिष्ठान ने सावधानी बरतने में कमी की ।

सही कोड चुनिए :

(A) 1 तथा 2 सही हैं ।

(B) 1 तथा 4 सही हैं ।

(C) 1 तथा 3 सही हैं ।

(D) 2 तथा 3 सही हैं ।

**37.** D employs a driver Z to drive his car. D specifically instructs the driver not to drive fast and in no case exceed the speed of 50 kms per hour. Z exceeds the limit and causes the accident in which P is injured. In an action against D for damages

(A) D is not vicariously liable for the act of the driver because the driver acted against the express instructions of his master.

(B) D is not liable as the act of the driver was not done during the course of employment.

(C) D is liable as the driver was doing an authorised act in an unauthorised manner.

(D) D is not liable as there was contract for service between D and the driver.

**38.** Due to the negligence of the owners of a well, it was filled with poisonous gases and two of the employees were trapped inside the well. B, an expert in disaster management in such situation, was called to rescue the two employees. B decided to go inside the well with the help of a rope in order to save the employees trapped in the well. He was warned of the risk involved. Despite all this B went inside the well and was overcome by the gases. He was taken to hospital where he died. B's wife sued the owners of the well for compensation.

(A) Owners are not liable because maxim volunti non fit injuria applies.

(B) Owners are not liable because B was an expert and master of his trade.

(C) Owners are liable because the act of B was the natural and probable consequence of owner's negligent act.

(D) Owners are liable because B died while being engaged by them.

**39.** Malignantly and maliciously are synonyms. There is only one provision of Indian Penal Code which covers both the aspect. Provide the correct answer :

(A) Section 153 (B) Section 270

(C) Section 219 (D) Section 220

**40.** The Indian Penal Code no more denote a positive evil intent for fixing liability, however there are certain type of act which signifies want of care as culpable resulting out of breach of duty. What it is known as ?

(A) Rashly

(B) Negligently

(C) Both (A) and (B)

(D) None of them

**41.** **Assertion (A) :** Common intention implies a pre-arranged plan, prior meeting of minds and prior consultation between all the persons committing the crime.

**Reason (R) :** The law makes no distinction between the persons or the part played by them in doing the criminal act.

**Codes :**

(A) (A) is true and (R) is false.

(B) (A) and (R) are both true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is false and (R) is true.

(D) Both (A) and (R) are true and (R) is most nearest explanation of (A).

**42.** **Assertion (A) :** Culpable homicide becomes murder when the act causes death and is done with the intention of causing death.

**Reason (R) :** One of the conditions to be satisfied for treating it murder provide the injury intended to be inflicted is sufficient in the ordinary course of nature to cause death.

**Codes :**

(A) (A) is true, but (R) is not the reason.

(B) (A) and (R) are both true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is false and (R) is true.

(D) Both (A) and (R) are true and (R) is the reasonable explanation of (A).

Prepp
Your Personal Exams Guide

**37.** 'डी' ने अपनी कार चलाने के लिए एक ड्राइवर 'जेड' को नियुक्त किया । 'डी' ने ड्राइवर को यह विशिष्ट रूप से निर्देश दिया कि वह तेज गति से न चलाए तथा कभी भी कार की गति 50 कि.मी. प्रति घण्टे से अधिक न हो । 'जेड' ने 50 कि.मी. प्रति घण्टे की गति से तेज गति से कार चलाई जिससे दुर्घटना हुई जिसमें 'पी' घायल हुआ । 'डी' के विरुद्ध हर्जाना के दावे में

(A) ड्राइवर के कार्य के लिए 'डी' प्रतिनिधिक रूप से जिम्मेदार नहीं है क्योंकि ड्राइवर ने उसके स्पष्ट निर्देश के विरुद्ध कार्य किया ।

(B) 'डी' जिम्मेदार नहीं है क्योंकि ड्राइवर ने वह कार्य नियोजन के दौरान नहीं किया ।

(C) 'डी' जिम्मेदार है क्योंकि ड्राइवर एक अधिकृत कार्य को अन-अधिकृत ढंग से कर रहा था ।

(D) 'डी' जिम्मेदार नहीं है क्योंकि 'डी' तथा ड्राइवर के बीच सेवा अनुबंध था ।

**38.** एक कुएँ के मालिकों की लापरवाही के कारण कुएँ में जहरीली गैसें भर गईं तथा कुएँ के अंदर दो कर्मचारी फंस गए । इस परिस्थिति में 'B' आपदा-प्रबंधन में विशेषज्ञ को दोनों कर्मचारियों को बचाने के लिए बुलाया गया । कुएँ में फँसे कर्मचारियों को बचाने के लिए 'B' ने एक रस्सी की सहायता से कुएँ में उतरने का निर्णय किया । इसमें निहित खतरे से उसे आगाह कर दिया गया था । इन सबके बावजूद भी 'B' कुएँ के भीतर गया तथा जहरीली गैसों के प्रभाव में आ गया । उसे अस्पताल ले जाया गया जहाँ वह मर गया । 'B' की पत्नी ने प्रतिकर के लिए कुएँ के मालिकों पर मुकदमा किया ।

(A) मालिक जिम्मेदार नहीं हैं क्योंकि वोलण्टी नॉन फिट इंजूरिया लागू होता है ।

(B) मालिक जिम्मेदार नहीं हैं क्योंकि 'B' अपने व्यवसाय में विशेषज्ञ और निपुण है ।

(C) मालिक जिम्मेदार हैं 'B' ने जो किया वह सहज था तथा मालिकों की लापरवाही का संभावित नतीजा था ।

(D) मालिक जिम्मेदार है क्योंकि 'B' की मृत्यु उस काम के दौरान हुई जिसके लिए उन्होंने उसे लगाया गया था ।

**39.** परिद्वेषपूर्ण और विद्वेषपूर्ण पर्यायवाची शब्द हैं । भारतीय दण्ड संहिता का एक ही प्रावधान दोनों पर लागू होता है । सही उत्तर का चयन कीजिए :

(A) धारा 153 (B) धारा 270
(C) धारा 219 (D) धारा 220

**40.** भारतीय दण्ड संहिता अब दायित्व को निर्धारित करने के लिए सकारात्मक बुरे आशय को अभिव्यक्त नहीं करती, यद्यपि कर्तव्य की अवमानना से उत्पन्न देखभाल की कमी से सम्बंधित कुछ कृत्य आपराधिक श्रेणी में आते हैं, इसे क्या कहते हैं ?

(A) उतावलेपन से
(B) उपेक्षापूर्वक
(C) उपर्युक्त (A) तथा (B) दोनों
(D) इनमें से कोई नहीं

**41.** **अभिकथन (A) :** सामान्य आशय में पूर्व-व्यवस्थित योजना, मस्तिष्कों का पूर्व मिलन और अपराध में शामिल सभी व्यक्तियों के बीच मंत्रणा निहित है ।

**तर्क (R) :** आपराधिक कृत्य को करने वाले व्यक्तियों अथवा उनके द्वारा अपराध में निभाई गई भूमिका इन दोनों के बीच कानून किसी प्रकार का भेद नहीं करता ।

**कूट :**

(A) (A) सही है और (R) गलत है ।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (A) की (R) सही व्याख्या नहीं है ।
(C) (A) गलत है और (R) सही है ।
(D) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) की (R) निकटतम व्याख्या है ।

**42.** **अभिकथन (A) :** आपराधिक मानव वध तब हत्या की श्रेणी में आता है जब उस कृत्य से मृत्यु हो जाती है और उस कृत्य को जान से मारने के आशय से किया गया हो ।

**तर्क (R) :** इस कृत्य को हत्या मानने के लिए एक शर्त यह है कि जो शारीरिक क्षति पहुँचाई गई है, वह प्रकृति के सामान्य प्रक्रम में मृत्यु का पर्याप्त कारण हो सकती है ।

**कूट :**

(A) (A) सही है, परन्तु (R) कारण नहीं है ।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (A) की (R) सही व्याख्या नहीं है ।
(C) (A) गलत है और (R) सही है ।
(D) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) की (R) उचित व्याख्या है ।

**43.** An agreement of which either the object or the means employed are illegal, but does not itself constitute an offence is known as ______.

(A) Intimidation (B) Conspiracy
(C) Abetment (D) All of them

**44.** The act of causing death to a person who has committed or attempted to commit house breaking by night is known as ______.

(A) Marginal excess of right to private defence.
(B) Purported exercise of right of self defence.
(C) Murder
(D) No detached objectivity would be possible to weigh the culpability.

**45.** A Seven Judges Bench of the Supreme Court considered the scope of Industry and laid down a Triple Test Formula in one of the following cases :

(A) State of Bombay Vs Bombay Hospital Mazdoor Sabha, AIR 1960 SC.
(B) Bangalore Water Supply Vs. A. Rajappa, AIR 1978 SC.
(C) D.N. Bannerji Vs. P.R. Mukherjee, AIR 1953 SC.
(D) University of Delhi Vs. Ramnath, AIR 1963 SC.

**46.** Out of the following one of the modes is not a dispute settlement under the Industrial Dispute Act, 1947.

(A) Conciliation
(B) Adjudication
(C) Alternate Dispute Resolution
(D) Arbitration

**47.** The qualifications of a person who cannot be appointed as presiding officer of the Labour Court.

(A) He is or has been a Judge of a High Court.
(B) He has for a period of not less than three years, been a District Judge or an Additional District Judge.
(C) He has been Civil Judge for 2 years.
(D) He has held any Judicial Office in India for not less than seven years.

**48.** The Registrar cannot withdraw or cancel registration of a Trade Union if

(A) the application of the Trade Union is in the proper form on verification.
(B) the certificate of registration has been obtained by fraud or mistake.
(C) the Trade Union has ceased to exist.
(D) the Trade Union has wilfully after a notice from the Registrar contravened the Provisions of the Act.

**49.** Any person who has attained the following age may be a member of a registered Trade Union.

(A) 18 years (B) 17 years
(C) 16 years (D) 15 years

**50.** The workmen are not entitled to lay off compensation in one of the following cases :

(A) An industrial establishment in which less than fifty workmen on an average per working day have been employed.
(B) An industrial establishment in which less than one hundred workmen on an average per working day have been employed.
(C) An industrial establishment in which less than two hundred and fifty workmen on an average per working day have been employed.
(D) An industrial establishment in which less than five hundred workmen on an average per working day have been employed.

Prepp
Your Personal Exams Guide

**43.** एक करार जिसका उद्देश्य अथवा जिसमें लगाये गए साधन गैरकानूनी हों, परन्तु फिर भी अपने आप में वह कोई अपराध न बनें, उसे कहते हैं

(A) अभित्रास (B) षड्यन्त्र

(C) दुष्प्रेरण (D) उपर्युक्त सभी

**44.** रात्रि के समय घर में सेंध लगाने वाले या लगाने का प्रयास करने वाले व्यक्ति की हत्या करने को कहा जाता है

(A) निजी सुरक्षा के अधिकार का सीमान्त आधिक्य ।

(B) स्व: सुरक्षा के अधिकार का तात्पर्यित प्रयोग करना ।

(C) हत्या

(D) सदोषता को जानने के लिए तटस्थ वस्तु-निष्ठता संभव न होगी ।

**45.** उच्चतम न्यायालय की सात जजों की पीठ ने उद्योग के कार्य क्षेत्र पर विचार किया और निम्नलिखित मामलों में से एक में त्रि-परीक्षण फॉर्मूला बनाया :

(A) बम्बई राज्य बनाम बम्बई अस्पताल मजदूर सभा, ए आई आर 1960 SC

(B) बंगलौर जल आपूर्ति बनाम ए राजप्पा ए आई आर 1978 SC

(C) डी.एन. बनर्जी बनाम पी आर मुखर्जी ए आई आर 1953 SC

(D) दिल्ली विश्वविद्यालय बनाम रामनाथ ए आई आर 1963 SC

**46.** निम्नलिखित में से कौन सा एक औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 के अधीन विवाद का निपटान नहीं है ?

(A) सुलह

(B) न्यायनिर्णयन

(C) अनुकल्पी विवाद प्रस्ताव

(D) माध्यस्थम्

**47.** किसी व्यक्ति को किस आवश्यक अर्हता और योग्यता न होने के कारण लेबर कोर्ट का पीठासीन अधिकारी नियुक्त नहीं किया जा सकता ?

(A) यदि वह उच्च न्यायालय का जज है अथवा जज रहा है ।

(B) वह तीन वर्षों से कम नहीं की अवधि के लिए जिला न्यायाधीश अथवा अतिरिक्त जिला न्यायाधीश रहा हो

(C) वह दो वर्ष के लिए सिविल जज रहा हो ।

(D) भारत में 7 वर्ष से कम नहीं समय के लिए किसी न्यायिक पद पर रहा हो ।

**48.** रजिस्ट्रार किसी श्रम संघ के पंजीकरण को वापिस अथवा रद्द नहीं कर सकता यदि

(A) श्रम संघ का प्रार्थना पत्र जाँच पडताल के पश्चात सही रूप में है ।

(B) पंजीकरण का सर्टिफिकेट धोखे अथवा गलती से प्राप्त किया गया हो ।

(C) श्रम संघ का अस्तित्व ही समाप्त हो गया हो ।

(D) रजिस्ट्रार के नोटिस देने के बाद भी श्रम संघ ने जानबूझकर इस अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन किया हो ।

**49.** कोई भी व्यक्ति निम्नलिखित में से किसी एक आयु का होने पर पंजीकृत श्रम संघ का सदस्य हो सकता है :

(A) 18 वर्ष (B) 17 वर्ष

(C) 16 वर्ष (D) 15 वर्ष

**50.** निम्नलिखित में से किस मामलें में कार्मिकों को कार्यवाही का मुआवजा लेने का अधिकार नहीं है ?

(A) ऐसी औद्योगिक संस्था जिसमें 50 से कम कार्मिक औसतन प्रति कार्य दिवस के लिए नौकरी पर हों ।

(B) ऐसी औद्योगिक संस्था जिसमें 100 से कम कार्मिक औसतन प्रति कार्य दिवस के लिए नौकरी पर हों ।

(C) ऐसी औद्योगिक संस्था जिसमें 250 से कम कार्मिक औसतन प्रति कार्य दिवस के लिए नौकरी पर हों ।

(D) ऐसी औद्योगिक संस्था जिसमें 500 से कम कार्मिक औसतन प्रति कार्य दिवस के लिए नौकरी पर हों ।

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Space For Rough Work**